R/3449/25
29/7/25

कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

(CIN-U74999UP2016SGC088203)

नगर निगम मुख्यालय,
तृतीय तल, मोतीझील,
कानपुर–208002।
+91-0512 2541258, 2546194

पत्रांकः KSCL/SPV/204/25-26 दिनांकः 28/07/25

प्रभारी अधिकारी,
शिक्षा विभाग,
नगर निगम कानपुर।

विषय–आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा "खेलो इण्डिया" एवं "फिट इण्डिया" राष्ट्रीय कार्यक्रमों को बढ़ावा देने हेतु पालिका स्पोर्टस स्टेडियम में 'द स्पोर्टस हब' का निर्माण कराया गया है, जिसमें विभिन्न प्रकार के खेलों हेतु खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। द स्पोर्टस हब में आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण हेतु एक योजना तैयार की गयी है, जिसमें प्रत्येक तीन माह में 250 आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाता है।

द स्पोर्टस हब के अन्तर्गत चलाये जा रहे इस कार्यक्रम से विभिन्न खिलाड़ियों विभिन्न खेलो में जनपद स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खेलो इण्डिया कार्यक्रम के तहत मेडल लाकर कानपुर नगर का नाम रोशन किया है। वर्तमान में आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों का नवीनतम बैच प्रारम्भ किया जाना है। जिसके रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि दिनांक 02.08.2025 है एवं प्रशिक्षण बैच दिनांक 13.08.2025 से प्रारम्भ किया जाना है। रजिस्ट्रेशन हेतु फार्म कानपुर स्मार्ट सिटी कार्यालय एवं पालिका स्पोर्टस स्टेडियम से प्राप्त किये जा सकते हैं।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि राष्ट्रीय कार्यक्रम "खेलो इण्डिया एवं फिट इण्डिया" के तहत नगर निगम कानपुर द्वारा संचालित विद्यालयों के आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों को नामित करें, जिससे खिलाड़ियों द्वारा कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय एवं पालिका स्पोर्टस स्टेडियम में सम्पर्क कर आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन कराये जाने के साथ उन्हें कुशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

प्रतिलिपि–

1. मण्डलायुक्त/अध्यक्ष महोदय, कानपुर स्मार्ट सिटी लि० को सादर सूचनार्थ।
2. अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी 'प्रथम एवं द्वितीय' एवं नोडल अधिकारी।
3. निदेशक (आपरेशन्स), मेसर्स ऑडी स्टेडिया कन्सल्टेंट प्रा० लि०।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

आवश्यक कार्यवाही

29.7.25

प्रभारी अधिकारी (शिक्षा) नगर निगम कानपुर